हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 11 मार्च 2026

10 बिजली संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में फूटा गुस्सा...



10 बीएड कॉलेज में वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन...



## खबर संक्षेप

### हथियार सहित फोटो अपलोड करने पर दो काबू

**फतेहाबाद।** सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ फोटो डालकर आमजन में दहशत फैलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। इस मामले में पुलिस पहले ही एक आरोपी को काबू कर चुकी है। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान दमकोरा रोड टोहाना स्थित गुरुद्वारा के पास मौजूद थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई।

### हेरोइन बरामदगी में मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने हेरोइन बरामदगी मामले में मुख्य सप्लायर को बठिंडा जेल से प्रोडक्शन वांरट पर लेकर गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने बाल भवन सिरसा क्षेत्र से दो युवकों को 10 ग्राम 59 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो आरोपियों ने बताया कि उक्त हेरोइन गुरप्रीत सिंह निवासी कंगनपुर हाल तलवंडी साबो पंजाब से लेकर आया था। तीनों आरोपियों के खिलाफ सिविल लाइन थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### राशन डिपो मिला बंद, कार्रवाई के निर्देश

**डबवाली।** सरकारी राशन वितरण प्रणाली की जांच के तहत मंगलवार को एसडीएम अर्पित संगल ने क्षेत्र की राशन की दुकान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड नंबर 9 स्थित सरकारी राशन की दुकान निर्धारित समय पर बंद पाई गई। मौके पर कोई जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद नहीं था और दुकान के समय से संबंधित सूचना बोर्ड भी नहीं लगा था।

### डीजल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** एचडीएफसी बैंक सिरसा की शाखा परिसर से डीजल चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला एचडीएफसी सुरक्षा गार्ड को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि एचडीएफसी बैंक की सिरसा की शाखा में कार्यरत एरिया मैनेजर ने शिकायत में बताया कि एचडीएफसी बैंक में बतौर सुरक्षा गार्ड तैनात विरेंद्र कुमार ने बैंक परिसर में लगे जीडी सेट से 830 लीटर डीजल चोरी कर लिया है।

### जिला जेल में लगाया जागरूकता शिविर

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नालसा की स्कीम फॉर वीमेन एंड ओल्ड ऐज प्रिजनर्स के अंतर्गत मंगलवार को जिला जेल में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य जेल में बंद बुजुर्ग कैदियों को उनके अधिकारों और उपलब्ध कानूनी सुविधाओं के बारे में जागरूक करना था। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान कैदियों को स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी।

## गड़बड़झाले के कारण प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से दूरी बना रहे किसान

*जिले में हर वर्ष कम हो रहा बीमित रकबा, बीमा योजना को फायदे का नहीं मानते किसान*

# 90 हजार किसानों में से मात्र 22,600 ने करवाया फसल बीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों के साथ गड़बड़झाले व भारी अनियमितताओं के चलते जिले में किसानों का फसल बीमा के प्रति मोह भंग होता जा रहा है। जिले के कुल 90 हजार किसान परिवारों में से इस बार मात्र 22 हजार 600 किसान परिवारों ने ही करीब 72 हजार एकड़ रबी फसलों का ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अपना बीमा करवाया है। बता दें कि बीते वर्ष खरीफ की फसल में 26 हजार 500 हजार किसानों ने 80 हजार एकड़ फसल बीमा करवाया था। फसल बीमा के प्रति किसानों का रूझान कम होने के कारण कृषि विभाग व सरकार की चिंता का बढ़ना स्वाभाविक है। फसल बीमा योजना में अधिकारियों द्वारा गड़बड़ करने और समय पर मुआवजा न मिलने के चलते किसानों ने फसल बीमा से किनारा करने का महत्वपूर्ण कारण माना जा रहा है। बीमा करवाने की अंतिम तिथि 28 फरवरी थी। फतेहाबाद जिला में 2 लाख 48 हजार हैक्टेयर भूमि पर खेती होती है, जिसमें नरमा व धान की मुख्य फसल है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान प्रीमियम देकर इसमें प्रति एकड़ के हिसाब से फसल बीमा करवाते हैं। वर्ष 2021 तक किसानों के लिए फसल बीमा जरूरी था। केसीसी वाले व अन्य बैंकों के ऋणी किसानों का बीमा प्रीमियम स्वयं ही काट लेते थे।

**कृषि विभाग व सरकार की चिंता का बढ़ना स्वाभाविक**



फतेहाबाद। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल। *फोटो: हरिभूमि*

### मोह भंग होने का क्या कारण

दरअसल किसानों को धान की फसल खराब होने पर मुआवजा नहीं मिलता, वजह है धान की बिजाई जब होती है, उसके बाद बारिश व बाढ़ का सीजन आ जाता है। बीमा योजना पॉलिसी में जलभराव से खराब हुई फसल का मुआवजा नहीं मिलता जबकि धान की फसल में पानी खड़ा रहता है इसलिए किसान धान का कम बीमा करवाते हैं। रही बात नरमे की तो, बीमा कम्पनी की पॉलिसी से नरमा उत्पादक किसान पिछले वर्षों में हुए खराबे के लिए अभी भी अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं।

### खरीफ के मौसम में बीमा की ओर बढ़ता रुझान

किसान नरमे की फसल का बीमा करवाते हैं। नरमे की फसल के समय बारिश का मौसम होता है और नरमे में बारिश व नमी के कारण बीमारी लग जाती है। कभी व्हाइट फ्लाई तो कभी सुंडी के कारण हर साल नरमा खराब होता है। प्रभावित किसान को मुआवजा मिलता है। धान की फसल भी इसी समय लगती है और धान की फसल में पानी भरने का बीमा कवर नहीं होता। रही बात गेहूं की तो गेहूं रबी में आती है और इस समय खराबा कम होता है। ऐसे में किसान सोचता है कि बेवजह प्रीमियम न भरा जाए। यही कारण है कि खरीफ के मौसम में किसानों का बीमा के प्रति ज्यादा रूझान रहता है।

-**सागर**, फील्ड अधिकारी, इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस फतेहाबाद।

### मिलीभगत के कारण नहीं मिला था मुआवजा

वर्ष 2025 की फसल बीमा करवाने वालों की संख्या में भारी गिरावट आई और यह मात्र 19702 तक सिमट कर रह गई। यानि कि किसानों ने फसल बीमा के प्रति अपना मोह नहीं दिखाया। अब तक कुल 2 लाख 48 हजार में से मात्र 72 हजार एकड़ भूमि का ही बीमा हुआ है। बीमा करने वाली इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस कम्पनी के अधिकारी भी इसमें कम दोषी नहीं। बता दें कि यहां पिछली खरीफ फसल में किसानों की नरमा की फसल डूब गई थी। बीमा कम्पनी के अधिकारियों ने कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर कम नुकसान दिखाया, जिस कारण किसानों को पूरा मुआवजा नहीं मिल पाया।



रतिया। तहसीलदार कार्यालय में धरना देते किसान। *फोटो: हरिभूमि*

## किसानों ने नायब तहसीलदार पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

- तहसील परिसर में दिया धरना, तबादले की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

रतिया के नायब तहसीलदार विचित्रनंद पर किसानों ने उनके प्रतिनिधि के साथ अभद्र व्यवहार करने और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। नायब तहसीलदार की कार्यप्रणाली के खिलाफ खेती बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले बड़ी संख्या में किसानों ने तहसील परिसर में मंगलवार को धरना शुरू कर दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ हरियाणा ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर नायब तहसीलदार का तबादल करने और भ्रष्टाचार की जांच करवाने की मांग की है। किसानों ने बताया कि ढाणी जाखन दादी के पूर्व सरपंच बलविंदर सिंह किसी कार्य के सिलसिले में नायब तहसीलदार विचित्रनंद के पास पहुंचे थे। आरोप है कि बातचीत के दौरान अधिकारी ने उनके साथ कथित तौर पर दुव्र्यवहार किया और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया।

### न्याय की मांग

धरने को संबोधित करते हुए यूनियन के अध्यक्ष जरनैल सिंह मलवाला ने कहा कि एक जनसेवक का काम जनता की समस्याओं को सुनना है, न कि उनके साथ अभद्र व्यवहार करना। हम इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेंगे और न्याय मिलने तक यहां से नहीं हटेंगे। ज्ञापन में किसान यूनियन ने कहा कि रतिया में केवल एक नायब तहसीलदार ही कार्यरत है। जब से नायब तहसीलदार ने रतिया में जवाइन किया है, यहां की जनता पूरी तरह तंग आ चुकीहै। नायब तहसीलदार द्वारा बड़े स्तर पर इंतकाल, रजिस्ट्रीयां व अन्य तहसील से सम्बंधित कार्यों में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार करके ही कार्य किया जाता है। जब कोई विरोध करता है तो उसका कार्य नहीं होता और गलत व्यवहार किया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि नायब तहसीलदार सीनियर सिटीजन व जनप्रतिनिधियों के साथ भी गलत व्यवहार करते हैं।

## तीन नशा तस्कर किए गिरफ्तार

- अगल-अलग स्थानों पर कार्रवाई, 23 ग्राम हेरोइन की बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन नशा तस्कारों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 23 ग्राम हेरोइन बरामद की है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने मंगलवार को बताया कि पुलिस टीम गांव कुत्ताबढ़ क्षेत्र में घग्गर पुल के नजदीक मौजूद थी। इस दौरान गांव की तरफ से एक व्यक्ति मोटरसाइकिल लेकर आता हुआ दिखाई दिया जो कि पुलिस टीम को देखकर अचानक वापस मोडक़र भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 12 ग्राम ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान हरंबस सिंह के रूप में हुई है। सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने ऐलनाबाद शहर क्षेत्र से श्याम लाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पांच ग्राम हेरोइन बरामद की है। कालांवाली पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान मंडी कालांवाली क्षेत्र से रिंकू सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सात ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है।



सिरसा। पकड़ा गया हेरोइन तस्कर।

### जांच शुरू की

इसके अलावा सिविल लाइन थाना सिरसा पुलिस ने हेरोइन बरामदगी मामले में मुख्य सप्लायर को बठिंडा जेल से प्रोडक्शन वांरट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि पुलिस ने सिरसा के बाल भवन क्षेत्र से दो युवकों को 11 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो आरोपियों ने बताया की हेरोइन पंजाब के तलवंडी साबो निवासी गुरप्रीत सिंह ने सप्लाई की है। तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

## सिरसा में शुरू होगी महिला रैपिडो सर्विस

- महिलाओं को मोबिलिटी सेवा से जोड़ने की पहल, 19 मार्च से होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

सिरसा शहर में बहुत जल्द महिला शक्ति को एक क्लिक पर गंतव्य तक पहुंचने में दुपहिया वाहन उपलब्ध होगा और इसकी खास बात यह है कि इसकी चालक भी महिलाएं ही होंगी। सरकार की 'रैपिडो सर्विस' पहल का उद्देश्य स्वरोजगार को बढ़ावा और महिलाओं को मोबिलिटी क्षेत्र में और अधिक अवसर प्रदान करना है, जिसकी शुरुआत 19 मार्च से होगी। सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अनुसूचित जाति-पिछड़ा वर्ग कल्याण (अंत्योदय) विभाग द्वारा महिलाओं को रोजगार से जोडऩे की दिशा में एक नई पहल के लिए पात्र महिलाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं।

विभाग द्वारा सिरसा, सोनीपत, करनाल, पंचकूला, गुरुग्राम, फरीदाबाद और अंबाला जिलों की महिलाओं को इस योजना में शामिल किया जाएगा। इसके माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा और वे मोबिलिटी सेवाओं के माध्यम से अपनी आय बढ़ा सकेंगी। इस पहल की औपचारिक शुरुआत हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा आगामी 19 मार्च को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में की जाएगी। योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें आधुनिक तकनीक से जुड़े रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना है। चयनित महिलाओं को मोबिलिटी प्लेटफॉर्म से जोडक़र दोपहिया वाहन के माध्यम से राइडर के रूप में कार्य करने का अवसर दिया जाएगा। इससे महिलाओं को नियमित आय का साधन मिलेगा और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी। चयन प्रक्रिया 'फस्र्ट कम, फस्र्ट सर्व' के आधार पर होगी। इसलिए समय रहते आवेदन करना बेहतर है, आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 मार्च निर्धारित की गई है। इच्छुक महिलाएं पंजीकरण तथा अन्य जानकारी के लिए जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकती हैं।

### महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना उद्देश्य

*जिला कल्याण अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि यह पहल महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और प्रदेश में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। शुरुआती चरण में यह योजना सिरसा शहर के लिए लागू की जा रही है।*

## बाइक सवार को बचाने के प्रयास में स्कॉर्पियो बिजली पोल से टकराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

शहर के आईटीआई रोड पर एक स्कॉर्पियो गाड़ी बिजली के पोल से टकरा गई। यह हादसा एक बाइक राइडर को बचाने के प्रयास में हुआ। गनीमत रही कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, पंजाब के सिंबलवाला गांव के राज सिंह अपनी गाड़ी से टोहाना आ रहे थे। आईटीआई से कुछ आगे एक पेट्रोल पंप से पेट्रोल डलवाकर लौट रहे बाइक सवार को बचाने के दौरान उनकी स्कॉर्पियो सडक़ किनारे खड़े बिजली के पोल से जा टकराई। टक्कर से स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से इस स्थान पर दोबारा स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके। लोगों का मानना है कि यदि ब्रेकर मौजूद होते, तो गाड़ी की गति नियंत्रित हो जाती और यह हादसा टाला जा सकता था।



टोहाना। बिजली के पोल से टकराई स्कॉर्पियो गाड़ी। *फोटो: हरिभूमि*

## किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च

- अमेरिका ट्रेड डील का किया विरोध, जलाई प्रतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के विरोध में किसानों का आंदोलन तेज हो गया है। इसी कड़ी में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के आह्वान पर किसानों ने टोहाना क्षेत्र में ट्रैक्टर मार्च निकालकर अपना रोष व्यक्त किया। यह ट्रैक्टर मार्च सुबह करीब 10 बजे क्षेत्र के गांव ढेर से शुरू हुआ। किसानों का ट्रैक्टर मार्च गांव गुलरवाला, दीवाना, धारसूल व कुलां चौक से होते हुए कुलां उप तहसील कार्यालय में पहुंचा। जहां बड़ी संख्या में एकत्र हुए किसानों व भाकियू चढ़ूनी के पदाधिकारियों ने भारत-अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील को किसान विरोधी बताते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर इसका विरोध जताया।



टोहाना। प्रदर्शन कर ट्रेड डील की प्रतियां फूंकते किसान। *फोटो: हरिभूमि*

### 23 को किसान रैली आयोजित की जाएगी

भाकियू (चढ़ूनी) के जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहा कि अमेरिका में हजारों एकड़ जमीन वाले बड़े किसान हैं, जबकि भारत में अधिकांश किसान दो से तीन एकड़ जमीन पर खेती करते हैं। ऐसे में अमेरिका से कृषि उत्पाद भारत में आने पर यहां के किसानों की फसल और आय पर बुरा असर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर किसान लगातार आंदोलन कर रहे हैं। इसी के तहत आगामी 23 मार्च को पिपली अनाज मंडी में बड़ी किसान रैली आयोजित की जाएगी।

## महिला का बैग चुराकर चलती ट्रेन से कूदा युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जाखल

जाखल रेलवे स्टेशन पर एक युवक एक महिला का बैग चोरी कर चलती ट्रेन से कूद गया। बैग में हजारों रुपये की आर्टिफिशियल ज्वैलरी सहित अन्य सामान था। इस बारे पीड़ित परिवार द्वारा ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई गई, जिसके बाद रेलवे पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मॉडल टाऊन बठिंडा निवासी नंदलाल पुत्र नारायण दास ने कहा है कि 8 मार्च को वह परिवार के साथ पाताललोक एक्सप्रैस में सवार होकर मथुरा जंक्शन से बठिंडा के लिए सफर कर रहे थे। सुबह के समय फतेहाबाद जिले के जाखल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन जैसे ही चलने लगी तो अचानक से एक अज्ञात व्यक्ति उसकी बहन मीरा देवी की सीट की तरफ बढ़ा और एक बैग उठाकर चलती ट्रेन से कूदकर भाग लिया। बैग में करीब 15 हजार रुपये की आर्टिफिशियल ज्वलैरी, एक छोटा पर्स जिसमें एक हजार रुपये नकदी, आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, एक मोबाइल फोन था।




## जर्जर खंभा टूटकर गिरा बाल-बाल बचे बाइक सवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओढां

क्षेत्र के गांव पन्नीवाला मोटा से ओढां रोड पर लगा बिजली का एक जर्जर खंभा टूटकर गिर गया। इस घटना में रोड से गुजर रहे मोटरसाइकिल सवार दो लोग बाल-बाल बच गए। सूचना के बाद काफी लोग मौके पर पहुंचे और सडक़ पर पड़ी तारों को हटाते हुए चेतावनी अवरोधक लगाकर वाहनों को साइड से गुजारा। इस दौरान लोगों ने विद्युत विभाग के खिलाफ रोष जताते हुए कहा कि विभाग की ये लापरवाही आज किसी की जान ले सकती थी। मौके पर मौजूद गांव पन्नीवाला मोटा के ग्रामीण विजय कस्वां, इंद्रपाल, जोतराम, रामस्वरूप, ओमप्रकाश भारी, मदन लाल शर्मा व सुरेंद्र कस्वां आदि ने बताया कि पन्नीवाला मोटा से ओढां जाने वाली सडक़ पर विजय कस्वां के खेत में सडक़ के किनारे लगा बिजली का खंभा काफी पुराना होने के चलते जर्जर अवस्था में था। इसके लिए उन्होंने 27 जनवरी को एसडीओ पंजुआना को फोन पर अवगत करवाते हुए खंभे को बदलने की मांग की थी।

## शिक्षा विभाग से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

# शिक्षा के क्षेत्र पर जिला प्रशासन का विशेष फोकस: डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि राजकीय विद्यालयों में व्यवस्थापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में शिक्षा विभाग अपनी जिम्मेदारी प्रभावी रूप से निभाए। बेहतर शैक्षणिक माहौल देते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सभी भागीदार बनें। डीसी मंगलवार को शिक्षा विभाग से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर डीईओ, डीईईओ, डीपीसी एसएसए तथा बीईओ के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। डीसी ने शिक्षा विभाग से संबंधित व्यवस्थाओं, राजकीय विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं तथा चल रहे स्कूल भवन निर्माण कार्यों की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र पर जिला प्रशासन का विशेष फोकस है और इसी उद्देश्य से वे प्रत्येक माह वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे हैं। डीसी ने सभी बीईओ से पिछले एक माह में किए गए स्कूल निरीक्षण की जानकारी लेते हुए पूछा कि कितने स्कूल का दौरा किया गया और वहां बाउंड्री वॉल, ड्यूल डेस्क, वॉशरूम, मिड-डे मील की गुणवत्ता, लाइब्रेरी, लैब तथा अन्य व्यवस्थाओं की स्थिति क्या पाई गई। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी ढांचागत क्षति या कमी पाई गई है, उसका अनुमान तैयार कर जिला प्रशासन सहित मुख्यालय को भेजा जाए ताकि समय रहते सुधार कार्य करवाए जा सकें।



फतेहाबाद। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती। *फोटो: हरिभूमि*

### पेयजल सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा

डीसी ने अधिकारियों से बातचीत में कहा कि वार्षिक परीक्षाएं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने में सभी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने खेल उपकरणों की स्थिति तथा विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल की उचित व्यवस्था सहित अन्य पहलुओं पर चर्चा की। डीसी ने निर्देश दिए कि सभी बीईओ अपने-अपने ब्लॉक के स्कूल का नियमित निरीक्षण करें और निरीक्षण का उद्देश्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना होना चाहिए। यदि पूर्व सूचना देने के बावजूद व्यवस्थाओं में सुधार नहीं होता है तो नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में डीसी ने डीपीसी एसएसए से भी जिला में कंडम वस्तुओं की नीलामी, नई आवश्यकता, उनके एस्टिमेट और वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो भी प्रस्ताव लंबित हैं, उन्हें शीघ्र पूरा कराया जाए।



# धुरंधर 2 का नया पोस्टर जारी ईश्वर के प्रकोप का दिया संकेत

**मुंबई।** रणवीर सिंह की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर 2' का एक नया पोस्टर जारी हो चुका है। फैंस पोस्टर में रणवीर सिंह के दोनों लुक को लेकर काफी उत्सुक हैं। 'धुरंधर 2' के नए पोस्टर में रणवीर सिंह दो अलग-अलग किरदारों में दिख रहे हैं- जसकिरत सिंह रंगी और हमजा अली मजारी। उन्होंने पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'ईश्वर का प्रकोप आ रहा है'। फिल्म के पोस्टर को देखने के बाद फैंस काफी उत्साहित हैं। फैंस 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के लुक को देखकर बहुत खुश हैं। सोशल मीडिया पर लोग तारीफ कर रहे हैं और फिल्म का इंतजार कर रहे हैं।

लाइफ Style



# अनीत

## बायोपिक में कास्टिंग की खबरें बेबुनियाद

लेजेंडरी एक्ट्रेस मधुबाला की बायोपिक की चर्चा काफी लंबे समय से चल रही है। हाल ही खबर आई कि इसमें मधुबाला का किरदार 'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा निभाएंगी, पर ऐसा नहीं है। अब इंडस्ट्री के सूत्रों ने इन खबरों को पूरी तरह गलत बताया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनीत पड्डा फिल्म में मधुबाला का किरदार नहीं निभाएंगी। एक सोर्स ने साफ किया कि अनीत पड्डा का नाम मधुबाला बायोपिक से जोड़ना एकदम गलत है। सोर्स ने कहा कि अनीत पड्डा को लेकर जो भी खबरें उड़ रही हैं, उनमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। ये दावे पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। मधुबाला भारतीय सिनेमा का एक बहुत बड़ा नाम हैं, इसलिए इन अफवाहों ने फिल्म प्रेमियों के बीच काफी हलचल मचा दी थी। पर सोर्स ने फिर से जोर देकर कहा कि अनीत पड्डा के प्रोजेक्ट (मधुबाला की बायोपिक) से जुड़ने की बात सिर्फ एक अफवाह है और फिलहाल ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। इससे पहले खबरें आई थीं कि मधुबाला की बायोपिक में कियारा आडवाणी दिवंगत एक्ट्रेस का किरदार निभाएंगी, पर वो खबरें भी अफवाह साबित हुईं। अनीत पड्डा की बात करें, तो उन्होंने साल 2022 में फिल्म 'सलाम वैंकी' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, पर स्टारडम 2025 में रिलीज हुई 'सैयारा' से मिला। अब अनीत पड्डा फिल्म 'शक्ति शालिनी' में नजर आएंगी। फिल्म में 'होमबाउंड' फेम विशाल जेठवा भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह दिसंबर 2026 में रिलीज हो सकती है।

हॉलीवुड मसाला



# पति बेनी को दी जन्मदिन की बधाई

**लॉस एंजिल्स।** सेलेना गोमेज ने अपने पति बेनी ब्लैंको के जन्मदिन पर खास शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ अनदेखी शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी शादी के पल और निजी जीवन की झलक दिखाई दी। सेलेना ने अपनी इस पोस्ट में शादी की कई रोमांटिक फोटोज शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ सेलेना ने कैप्शन में पति बेनी ब्लैंको को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। मैं तुम्हें पूरे दिल से प्यार करती हूं।'



# डॉल्बी थिएटर में होगा 98वां ऑस्कर अवॉर्ड समारोह...

**लॉस एंजिल्स।** कुछ ही दिनों में ऑस्कर 2026 का आयोजन होने वाला है और अब इसे लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इस साल का कार्यक्रम और ज्यादा खास होने वाला है, क्योंकि इसे कोनन ओ'ब्रायन होस्ट करने वाले हैं। इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह में प्रियंका चोपड़ा भी शामिल होने वाली हैं। 98वां अकादमी अवॉर्ड समारोह 15 मार्च को हॉलीवुड के लॉस एंजेलिस स्थित मशहूर डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी दुनियाभर की फिल्म इंडस्ट्री की नजरें इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह पर टिकी हुई हैं। भारत में टाइम डिफरेंस की वजह से दर्शक इस समारोह को 16 मार्च की सुबह लगभग 4:30 बजे से देख सकेंगे। आप जियो हॉटस्टार ऐप और वेबसाइट पर सुबह 4:30 बजे से इसकी लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं।



# है जवानी तो इश्क... की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े सहित कई कलाकार नजर आएंगे। इस रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म की रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस पोस्ट के हिसाब से 'है जवानी तो इश्क होना है' अब 5 जून की जगह 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने एक आधिकारिक बयान में लिखा, 'हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' मूल रूप से 5 जून को रिलीज होने वाली थी, जिसकी घोषणा हमने कई महीने पहले की थी। इस महीने की शुरुआत में, यश अभिनीत फिल्म 'टॉक्सिक' के निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज तारीख की घोषणा की। 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' पहले 19 मार्च को रिलीज होने वाली थी।



# लाहौर 1947 का नहीं बदला टाइटल...

**मुंबई।** राजकुमार संतोषी की फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल को लेकर फिर से नया अपडेट सामने आया है। पहले खबर थी कि इसका नाम बदलकर 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है लेकिन, ऐसा नहीं है और इसकी पुष्टि आमिर खान ने की है। सनी देओल के फैंस 'बॉर्डर 2' के बाद उनकी अगली और चर्चित फिल्म 'लाहौर 1947' की रिलाज का इंतजार कर रहे हैं, जिसे राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है और आमिर खान प्रोडक्शन में बनी है। इस मूवी के टाइटल को लेकर बीच में अपडेट आया था कि उसे बदल दिया गया और उसका नया नाम 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है। लेकिन, प्रोड्यूसर ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है। आमिर खान से जब फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल में बदलाव के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'ये आपने कहां सुना?

टीवी मसाला



# कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो जरूर अनुपमा में करूंगा वापसी

**नई दिल्ली।** अनुपमा में अनुज की भूमिका निभाकर पॉपुलैरिटी हासिल करने वाले गौरव खन्ना किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। गौरव को इस शो में इतना पसंद किया गया कि फैंस उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। स्टार प्लस के शो अनुपमा में अनुज का कैरेक्टर बहुत ही मजबूत तरीके से दिखाया गया था। इस शो में दर्शकों ने अनुज के कैरेक्टर को इतना पसंद किया कि गौरव खन्ना हर किसी के फेवरेट बन गए। इस शो का हिस्सा बनने के बाद गौरव खन्ना को बिग बॉस 19 में देखा गया। इस शो के वो विनर बने. उसके बाद से फैंस को लगने लगा कि बिग बॉस के बाद गौरव खन्ना अब अनुपमा में वापसी करेंगे। अब गौरव खन्ना ने खुद इस बात को कंफर्म कर दिया है कि वो इस शो का हिस्सा बनेंगे या नहीं। एक इंटरव्यू में जब गौरव खन्ना से पूछा गया कि क्या वो फिर से अनुपमा में अनुज के तौर पर वापसी करेंगे। ऐसे में गौरव खन्ना ने जो जवाब दिया वो काफी मजेदार था। गौरव खन्ना ने कहा,'आप गलत इंसान से इस बारे में पूछ रहे हैं। क्योंकि, अनुपमा में वापसी करना मेरे हाथ में नहीं है। ये हमारे प्रोड्यूसर राजन शाही और चैनल स्टार प्लस पर डिपेंड करता है। अगर स्टोरी में मेरे लिए कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो मैं जरूर वापस आऊंगा। लेकिन, अगर ट्रैक एक्साइटिंग नहीं है तो मैं वापस नहीं आऊंगा।

## गुस्सा जायज है, घाव गहरे थे

**नई दिल्ली।** निक्की तंबोली कुछ दिन पहले ही रियलिटी 'द 50' से बाहर हुईं। हाल ही में उनके बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल भी शो से बाहर हो गए। अब शो में कुछ इंफ्लुएंसर, टीवी आर्टिस्ट बाकी रह गए हैं। अपनी हालिया पोस्ट में



बिना किसी का नाम लिए निक्की तंबोली ने 'द 50' के कुछ प्रतियोगियों पर निशाना साधा है। निकी तंबोली ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है। इसमें वह लिखती हैं, 'मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स करवाने से ज्यादा मेहनत अगर अपनी लाइफ पर करते तो शायद कोलेबोरेशंस से जिंदगी नहीं चलती। मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स खरीदने से अच्छा है, अपनी रिस्पेक्ट खरीद लो। शायद ज्यादा काम आ जाए।' वह आगे लिखती हैं, 'गुस्सा जायज है। घाव गहरे थे।' निक्की तंबोली ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि वह टीवी एक्टर प्रिंस नरुला और टीवी पर्सनालिटी शिव ठाकरे पर निशाना साध रही हैं। यह दोनों इस वक्त 'द 50' शो का हिस्सा हैं। जब निक्की और उनका बॉयफ्रेंड शो में थे तो शिव ठाकरे और प्रिंस नरुला से कई बार झगड़ा हुआ। 'द 50' शो में विनर बनने की दौड़ में शिव ठाकरे आगे दिख रहे हैं।

# पद्मा कभी अमिताभ की बनी थीं हीरोइन खूब चलाया था कैबरे डांस का जादू ...

***नई दिल्ली।** भोजपुरी फिल्मों से अपना फिल्मी सफर शुरू करने वालीं पद्मा खन्ना ने अमिताभ बच्चन के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' और देवा आनंद के गाने 'हुस्न के लाखों रंग' में नजर आईं। फिल्मी और टीवी की दुनिया में कुछ कलाकार ऐसे हैं जो अपने नाम से अधिक अपने किरदार की वजह से जाने जाते हैं। ऐसे ही कलाकारों की लिस्ट में एक नाम पद्मा खन्ना का रहा है जो टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में रानी कैकेयी के किरदार से घर-घर में पहचानी जाती थीं। 70 और 80 के दशक में खन्ना अपनी खूबसूरती, डांस और एक्टिंग से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई थी। शायद बहुत कम लोगों को ये पता हो कि उनके फिल्मी सफर की शुरुआत के पीछे की वजह मशहूर एक्ट्रेस वैजयंती माला थीं, जिन्होंने पद्मा का डांस देखकर उन्हें फिल्मों में किस्मत आजमाने की सलाह दी थी। एक्ट्रेस से मिली यही छोटी सी सलाह आगे चलकर उनके जीवन का बड़ा मोड़ साबित हुई।*



### अमिताभ के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' गाना

पद्मा खन्ना के करियर का एक और अहम पड़ाव फिल्म 'सौदागर' रही, जिसमें वह महानायक अमिताभ बच्चन के साथ नजर आईं। इस फिल्म का गाना 'सजना है मुझे सजना के लिए' उस दौर का बेहद लोकप्रिय गाना बना। धीरे-धीरे वह हिंदी और भोजपुरी दोनों फिल्म इंडस्ट्री में एक जानी-मानी एक्ट्रेस बन गईं और अपने डांस के लिए खास तौर पर पहचानी जाने लगीं।

### 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से शुरुआत

पद्मा खन्ना ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत भोजपुरी फिल्म 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से की। उस समय उनकी उम्र लगभग 14 साल थी। यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय फिल्मों में गिनी जाती है। इसके बाद उन्होंने कई भोजपुरी फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे इस इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना ली। 'बिदेसिया', 'बलम परदेसिया', 'धरती मइया', और 'भैया दूज' जैसी फिल्मों में उनके काम को काफी पसंद किया गया।

# ताहिर ने पूरी की अनाम फिल्म की शूटिंग, साझा की तस्वीरें...



**मुंबई।** ताहिर राज भसीन जल्द ही एक नई फिल्म में नजर आएंगे। अभिनेता ने फिल्म की शूटिंग पूरी करने पर कई तस्वीरें साझा की हैं। अभिनेता ताहिर राज भसीन ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। यह विक्रम फडनिस के निर्देशन में बना प्रोजेक्ट है। हालांकि, अभी तक इस फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। अभिनेता ने अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें साझा की हैं। साथ ही एक लंबा नोट भी लिखा है। ताहिर राज भसीन ने शूटिंग पूरी करने के बाद इंस्टाग्राम पर शूटिंग से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में ताहिर अपने किरदार में और कुछ अहम सीन की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने अपनी टीम के साथ बिताए मजेदार पलों की भी झलक प्रशंसकों के साथ साझा की। उन्होंने शूटिंग के बीच आराम करते और एक-दूसरे के साथ समय बिताते हुए कलाकारों और क्रू की तस्वीरें पोस्ट कीं। तस्वीरों में फिल्म की बाकी कास्ट सयामी खेर और विनीत कुमार सिंह भी नजर आ रहे हैं। तस्वीरें साझा करते हुए ताहिर ने प्रोजेक्ट के पूरा होने पर एक भावुक संदेश भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'शूटिंग पूरी हो गई। यह एक शानदार सफर रहा। विक्रम फडनिस आपका धन्यवाद जिन्होंने एक दिल को छू लेने वाला किरदार लिखा और निर्देशित किया, जिसे निभाना मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा। आपकी इस मेहनत से बनी फिल्म को दुनिया के साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार है। ओजाजय, लेंस के जादूगर हैं। हर दिन अपनी उत्कृष्टता लाने और कलात्मकता के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए धन्यवाद। हद से

## हम घास की गठरियों पर आराम करते थे : सुप्रिया

# 80 के दशक में न वॉशरूम होते थे, और न ही वैनिटी वैन

***नई दिल्ली।** 'खिचड़ी' एक्ट्रेस सुप्रिया पाठक ने 80 के दौर के फिल्म सेट की कहानी सुनाई और बताया कि तब वॉशरूम, वैनिटी वैन या आराम करने के लिए उचित जगह जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी कैसा अभाव रहा करता था। शाहिद कपूर की सौतेली मां सुप्रिया पाठक ने 'मिर्च मसाला' की शूटिंग के दौरान का एक किस्सा सुनाया। इस फिल्म की शूटिंग के लिए मिर्च फैक्ट्री में बिताए अपने अनुभव को शेयर किया और बताया कि कैसे एक दर्जन महिलाएं वहां घास और भूसे के गठरियों पर आराम करती थीं। हालांकि, 'खिचड़ी' एक्ट्रेस ने कहा कि इस तरह के माहौल में काम करने के पीछे की वजह एक्टर्स का जुनून होता था।*

### 80 से 90 के दशक में कैसा होता था फिल्मों का सेट

बातचीत में सुप्रिया ने 80 से 90 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री को लेकर बातें करते हुए बताया कि तब कैसे एक्टर्स वैनिटी वैन के बिना काम करते थे। उन्होंने कहा, 'जो जुनून था हमारे अंदर एक्टिंग का या किरदार बनाने का, उसकी वजह से बाकी सारी चीजों की अहमियत कम लगती थीं। पर धीरे-धीरे एहसास हुआ कि नहीं, ये भी जरूरी है।'

### बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए

उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा, 'आपको कोई एक बैठने की जगह चाहिए और खासकर महिलाओं के लिए, आपको एक बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए। मतलब मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं या तो उपलब्ध नहीं कराई जाती या होती ही नहीं थी।' मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं होती थीं।





### घास के बड़े-बड़े बंडल पर हम पूरे दिन बैठते थे

सुप्रिया पाठक ने कहा, 'मैंने एक फिल्म की थी मिर्च मसाला, जिसे केतन मेहता जी ने डायरेक्ट किया था। उसमें हम सारी औरतें थीं, करीब 10 महिलाएं थीं। तब हम मिर्ची की फैक्ट्री में शूट कर रहे थे। वो एक छोटा सा गांव था और वहां बेतहाशा गर्मी थी। वहां पीछे एक शेड जैसा था जहां घास रखे हुए थे। शायद मिर्ची को साफ करने का कोई प्रोसेस वहां होता था। तो बड़े-बड़े बंडल बनाकर रख दिए थे और हम पूरे दिन उसी पर बैठते थे।'

### कुछ भी करके बैठ जाते थे

पाठक ने कहा, 'एक एक्टर के लिए जैसे हमारे वहां स्पॉट बॉय होते थे, चाय लाना, अगर आप सर्दी में शूट कर रहे हो, कहीं भी शूट कर रहे हो तो बुनियादी सुविधाएं तो चाहिए ही। खाना, पानी, चाय, ये सब बेसिक चीजें जरूरी होती हैं। फिर मुझे लगता है कि धीरे-धीरे ये सारे बदलाव होंगे। हमारी इंडस्ट्री में आने लगे। आज शूटिंग करना काफी कंफर्टेबल होगा, चाहे आप कहीं भी हों। पहले के टाइम से काफी अलग है। हमारा वक्त तो हम सचमुच कहीं भी, कुछ भी करके बैठ जाते थे। '

### बाजार व राम-लीला के लिए मिले थे अवॉर्ड

बताते चलें की सुप्रिया पाठक ने अपनी मां दीना पाठक के साथ थिएटर से एक्टिंग की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने 'कलयुग' (1981) से फिल्मों में कदम रखा। पाठक को 'बाजार' (1982) और 'राम-लीला' (2013) के लिए अवॉर्ड भी मिले। उन्होंने 'मासूम' और 'मिर्च मसाला' जैसी फिल्मों, 'खिचड़ी' (हंसा के रूप में) और 'साराभाई वर्सेस साराभाई' जैसे टीवी शो में भी जानदार एक्टिंग की। इन सबके अलावा पाठक ने 'सरकार', 'वेक अप सिड', 'रेड 2' और 'खिचड़ी 2' में भी काम किया। एक्टिंग के अलावा सुप्रिया अपने पति पंकज कपूर के साथ एक प्रोडक्शन हाउस चलाती हैं।

## खबर संक्षेप



### शिविर में हुई 308 नेत्र रोगियों की जांच

**सिरसा।** श्री हनुमंत फाउंडेशन द्वारा नेहरू पार्क स्थित श्री हनुमंत चैरिटेबल अस्पताल में नेत्र जांच शिविर में 308 नेत्र रोगियों की जांच हुई। मुख्य परियोजना संयोजक सुमन मित्तल ने बताया कि शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण अरोड़ा व डॉ. महिप बंसल ने अपनी टीम व सहयोगियों के साथ नेत्र रोगियों की जांच की व मोतियाबिंद से पीड़ित 57 जरूरतमंद मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। इसके अलावा 92 मरीजों की मधुमेह जांच के साथ सभी नेत्र रोगियों को निशुल्क दवाएं भी दी।



### महिलाओं को दी कानूनी अधिकारों की जानकारी

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पैनल एडवोकेट बलबीर कौर गांधी ने महिलाओं को उनके अधिकारों से संबंधित विभिन्न कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से पोश एक्ट तथा घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े कानूनों के बारे में विस्तार से बताया।

### शीतला सप्तमी पर मरीजों को वितरित किए फल

**फतेहाबाद।** शीतला सप्तमी के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सर्व समाज ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा नागरिक हॉस्पिटल फतेहाबाद में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। इस सेवा कार्य के दौरान मरीजों और उनके परिजनों ने ट्रस्ट के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी विनोद अरोड़ा, सुरेंद्र सहदेव व राजेंद्र अकांवाली उपस्थित रहे। उन्होंने मरीजों को फल वितरित करते हुए कहा कि समाज सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता और इस प्रकार के कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।

### अग्रवाल वैश्य समाज की रतिया इकाई को नवाजा

**रतिया।** अग्रवाल वैश्य समाज का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन श्री वृंदावन धाम में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला को सर्व सहमति से नौवीं बार अध्यक्ष चुना गया वहीं इस सम्मेलन के दौरान अग्रवाल वैश्य समाज की रतिया इकाई को उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदेश अध्यक्ष व उपाध्यक्ष द्वारा सम्मानित भी किया गया। इस सम्मेलन में जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल के अलावा महिला प्रदेश अध्यक्ष सुशीला सर्राफ, रतिया विधानसभा अध्यक्ष लवकेश मित्तल, अनिल जैन, हिमांशु गर्ग, फतेहाबाद विधानसभा अध्यक्ष राजीव जैन, प्रदेश प्रवक्ता सुशील बंसल, वेद मंगल सहित काफी सदस्यों ने भाग लिया।

### श्री धेनु मानस हरिकथा का आयोजन

**फतेहाबाद।** गांव बड़ोपल स्थित श्री राधा कृष्ण गोशाला में श्री धेनु मानस हरिकथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक दुड़ाराम ने शिरकत की। इस पावन धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गौ सेवा, धर्म और संस्कृति के प्रति अपनी गहरी आस्था प्रकट की। पूर्व विधायक दुड़ाराम ने कहा कि श्री धेनु मानस हरिकथा के माध्यम से गौमाता की महिमा, सनातन संस्कृति और समाज में सेवा भाव का अत्यंत सुंदर संदेश दिया गया है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को अपने संस्कारों और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं तथा आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव को मजबूत बनाते हैं।

---

गांव गिल्लांखेड़ा में राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन का आयोजन

# किसानों को सशक्त और कृषि को अधिक लाभकारी बनाना उद्देश्य

- आधुनिक नैनो उर्वरक तकनीक व किसानों की आय बढ़ाने पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

इफको द्वारा गांव गिल्लांखेड़ा में राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सहकारिता की भूमिका तथा विशेष रूप से नैनो उर्वरकों के उपयोग के बारे में जागरूक करना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में के.जे. पटेल, प्रबंध निदेशक, इफको, नई दिल्ली उपस्थित रहे व अध्यक्षता प्रहलाद सिंह गिल्लांखेड़ा, निदेशक, इफको हरियाणा ने की। उनके साथ मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. योगेंद्र कुमार, विपणन निदेशक, इफको नई दिल्ली, जगदीप सिंह नकई निदेशक, इफको पंजाब, रामनिवास गढ़वाल, निदेशक, इफको राजस्थान, गुरुप्रसाद त्रिपाठी ,चेयरमैन आईएफएफडीसी, संजय कुलश्रेष्ठ, वरिष्ठ महाप्रबंधक (विपणन), इफको नई दिल्ली, डॉ. राजेश सिहाग, उप कृषि निदेशक फतेहाबाद, डॉ. देवी दयाल, राज्य विपणन प्रबंधक, इफको हरियाणा एवं दिल्ली, डॉ. निरंजन सिंह, वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक, इफको हरियाणा तथा बहादुर सिंह, उप प्रबंधक, इफको हरियाणा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बहादुर सिंह द्वारा कार्यक्रम परिचय से की गई। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन किसानों की आर्थिक प्रगति का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि इफको लगातार किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने का प्रयास कर रहा है, जिसमें नैनो उर्वरकों का उपयोग विशेष रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि इन उर्वरकों के प्रयोग से खेती की लागत कम होती है तथा उत्पादन में वृद्धि होती है। डॉ.देवी दयाल ने कहा कि इफको किसानों तक आधुनिक कृषि तकनीकों और वैज्ञानिक खेती के तरीकों को पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। प्रगतिशील किसान आनंदवीर गिल्लांखेड़ा ने परंपरागत कृषि में नई तकनीकों के समाकलन विषय पर अपने अनुभव साझा किए।



**फतेहाबाद।** गांव गिलांखेड़ा में इफको द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन में उपस्थित अधिकारी व किसान।

### इफको की विभिन्न गतिविधियों की दी जानकारी

प्रहलाद सिंह गिल्लांखेड़ा ने हरियाणा राज्य में इफको की विभिन्न गतिविधियों और किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने सभी किसानों को सलाह दी कि वे सभी अपनी 33 प्रतिशत भूमि पर नैनों उर्वरकों का प्रयोग जरूर करें। मुख्य अतिथि के.जे. पटेल ने कहा कि इफको का मुख्य उद्देश्य किसानों को सशक्त बनाना और कृषि को अधिक लाभकारी बनाना है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे नई तकनीकों को अपनाएं और सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। इफको ब्राजील में नैनों उर्वरक का नया संयंत्र खोलने जा रही है। कार्यक्रम के दौरान किसानों को सम्मानित किया गया तथा नैनो उर्वरकों के प्रदर्शन क्षेत्र का भ्रमण कराया गया, जहां किसानों को इन उर्वरकों के प्रयोग से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी गई।

---

# जनगणना के लिए नियुक्त कर्मचारी जिम्मेदारी से निभाएं ड्यूटी : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

डीसी एवं प्रधान जनगणना अधिकारी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि देश के विकास और उन्नति के लिए जनगणना बहुत महत्वपूर्ण है। इसी के आधार पर ही रिसर्च, प्लानिंग आदि आधारभूत सुविधाओं व व्यवस्थाओं का आधार मानकर ही कार्य किया जा जाता है। वर्ष 2011 में जनगणना हुई थी और अब इस वर्ष से जनगणना की जाएगी। इस बार जनगणना डिजिटल माध्यम से होगी, ऐसे में इस कार्य में लगे सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं और इसे समयबद्ध एवं त्रुटिहीन रूप से संपन्न करें। डीसी डॉ. विवेक भारती मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में जनगणना को लेकर आयोजित प्रशिक्षण के दौरान संबोधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। डीसी ने कहा कि जनगणना से देश की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति तथा विभिन्न संसाधनों की सटीक जानकारी प्राप्त होती है। जनगणना को लेकर दिए जा रहे प्रशिक्षण को सही ढंग से सीखा जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई समस्या आ रही है तो प्रशिक्षक से जरूर पूछें।



**फतेहाबाद।** जनगणना को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए डीसी डॉ विवेक।

### मोटर केबल चोरी के मामले में पुलिस ने एक युवक को दबोचा

**फतेहाबाद।** थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने मोटर केबल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि पुलिस को दी शिकायत में बलबीर चंद पुत्र हरि चंद निवासी गांव दरियापुर ने बताया कि उसकी मोटर गांव हिजरावां कलां के रकबा में लगी हुई है। उसके आसपास मेघा राम पुत्र गुरदित्त निवासी दरियापुर, मैया राम निवासी अकांवाली, प्रीतम पुत्र जट्टूराम निवासी हिजरावां कलां, ज्ञान चंद पुत्र कन्हैया राम निवासी अकांवाली तथा कोट चंद निवासी अकांवाली की भी मोटरें लगी हुई हैं। 19 फरवरी की रात करीब 435 फीट केबल तार चोरी कर लिया गया।

## मारपीट व हमले करने के मामले में दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

घर में घुसकर मारपीट व जानलेवा हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। इस मामले में पुलिस पहले भी एक आरोपी को काबू कर चुकी है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि 18 फरवरी शाम को उसके पड़ोसी रवि, मनी पुत्र धर्मपाल, चिराग पुत्र रवि, जुजु, वजीर, जोगिंद्र पुत्र वजीर तथा अन्य अज्ञात व्यक्ति आपसी रंजिश के चलते जबरन उसके घर में घुस आए और उसके तथा उसके परिवार के साथ गाली-गलौच करने लगे। इसके बाद आरोपियों ने लाठी-डंडों, ईंटों और कांच की बीयर की बोतलों से हमला कर उसके व उसके बेटे अंकुश के साथ मारपीट की। शिकायतकर्ता के अनुसार हमले के दौरान आरोपी चिराग ने कांच की बोतल व ईंट से उसके और उसके बेटे के सिर पर वार किया, जिससे दोनों घायल हो गए। घटना में अंकुश के सिर में चोटें आईं और उसे 8-9 टांके लगे। घायल अवस्था में दोनों को उपचार के लिए सामान्य अस्पताल टोहाना ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें आगे उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज, हिसार रेफर कर दिया।

---

माकपा का जत्था पहुंचा सिरसा

# जनाक्रोश रैली में भाग लेने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

किसानों, मजदूरों व आम जनता की मांगों को लेकर कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की प्रस्तावित 24 मार्च को दिल्ली में होने वाली जनाक्रोश रैली की तैयारी के लिए पार्टी का जत्था मंगलवार को सिरसा पहुंचा। पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य का. प्रेमचंद, इंद्रजीत सिंह, रामकुमार बहबलपुरिया ने बताया कि देश में केंद्र सरकार अपनी जन विरोधी आर्थिक नीतियों के माध्यम से किसान, मजदूर व कमेरे वर्ग पर लगातार हमले कर रही है। सरकार ने बिजली निजीकरण बिल व बीज बिल-2026 लाकर किसान व आम जनता का गला घोटने का काम किया है, वहीं किसान को फसल का लाभकारी दाम नहीं दे रही है। मनरेगा कानून खत्म करके स्कीम बना दी है तथा राज्यों पर 40 प्रतिशत जिम्मेदारी डाल दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूरोपियन यूनियन तथा अमेरिका से व्यापार समझौते करके कृषि, डेयरी उत्पादों को पूरी छूट देकर देश के किसान, मजदूर को बर्बाद करने की नीति पर चल रही है।



**सिरसा।** कार्यकर्ताओं को संबोधित करते माकपा नेता।

---

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की जिम्मेदारी युवाओं पर

## एमएम कॉलेज में ‘राष्ट्र निर्माण में एनएसएस स्वयंसेवकों की भूमिका’ पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मनोहर मेमोरियल कॉलेज, फतेहाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज कॉलेज परिसर में एक विशेष विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय ‘राष्ट्र निर्माण में एनएसएस स्वयंसेवकों की भूमिका’ रहा, जिसमें विद्यार्थियों को समाज सेवा और नागरिक उत्तरदायित्वों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मनोज कुमार, एनएसएस निदेशालय, नई दिल्ली उपस्थित रहे। एनएसएस ब्वॉयज कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकेश सेठी व एनएसएस गर्ल्स कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रतिभा मखीजा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने की। कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉ. दिनेश कुमार, संस्कृत विभाग, सीडीएलयू सिरसा भी मौजूद रहे। एनएसएस स्वयंसेवकों को मोटिवेट करते हुए मुख्य वक्ता मनोज कुमार ने बताया कि स्वयंसेवक राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा कर स्वयं के व्यक्तित्व का असीमित रूप से विकास कर सकते हैं और देश निर्माण में सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही किसी देश की असली पूंजी होती है क्योंकि एनएसएस स्वयंसेवक न केवल आपदा के समय बल्कि सामान्य जीवन में भी सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और विकास कार्यों में सहयोग देकर राष्ट्र की नींव मजबूत कर सकते हैं।




**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज में आयोजित विस्तान व्याख्यान में उपस्थित अतिथिगण।

### भारत की ताकत युवा

2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की जिम्मेदारी आज के युवाओं के कंधों पर है। मनोज कुमार ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत हमारे युवा हैं। यदि प्रत्येक छात्र को सप्ताह में कुछ घंटे समाज सेवा के लिए समर्पित करे, तो हम कुपोषण, निरक्षरता और नशामुक्ति जैसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों को बहुत जल्द हासिल कर सकते हैं।

---

# धूमधाम से मनाया शीतला माता का पर्व दर्शन के लिए मंदिरों में लगी लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल

मंगलवार को शहर के रेलवे रोड पर स्थित शीतला माता का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया, इस दौरान भक्तों ने रात 12 बजे से लेकर सुबह तक माता के दर्शन के लिए लंबी कतारों में लगकर माता के दर्शन किए। इस दौरान बड़ी संख्या में शहर वासियों ने माता के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन करने के लिए आए भक्तों ने बताया की यह त्यौहार फागुन की पूर्णमासी से लेकर चैत की सप्तमी तक मनाया जाता है इस दिन खिचड़ी का प्रसाद गुलगुले पूरी का प्रसाद एक दिन पहले बनाया जाता है। अगले दिन सुबह उठकर पूजा पाठ की जाती है। वही इस दिन सातों माता को पूजा जाता है। इस दिन सुबह उठकर महिलाएं अपने बच्चों और पति के लिए परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना करती हैं और माता शीतला माता की पूजा की जाती है। भक्तों ने बताया की माता शीतला हर भक्त की हर मनोकामना पूर्ण करती है। मंदिर में दर्शन करने पहुंचे भक्त कमलेश, प्रकाश, मुकेश सहित महिलाओं ने पूजा अर्चना के बारे में बताया गया की शीतला माता की पूजा किस प्रकार से की जाती है। यहां पर शीतला माता की पूजा करने के लिए पूरे शहर से महिलाएं, बच्चे ,पुरुष सभी उत्साह था और मौके पर महिलाओं ने बच्चों ने खरीदारी की और शीतला माता की पूजा अर्चना की।



**जाखल।** मंदिर में लगी भक्तों की लाइन।

---

# दौड़ प्रतियोगिता में साक्षी प्रथम

## चोपटा बहुतकनीकी संस्थान में वार्षिक एथलेटिक मीट शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

चौधरी देवीलाल बहुतकनीकी संस्थान नाथूसरी-चोपटा में मंगलवार को 17वें वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के प्राचार्य विवेक वोहरा द्वारा किया गया। प्राचार्य ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्थान के विद्यार्थियों में खेल प्रतियोगिताओं को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। विभिन्न एथलेटिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें छात्र-छात्राएं बढ़-चढकर भाग ले रहे हैं।



**सिरसा।** प्रतियोगिता के विजेता रहे विद्यार्थी।

### ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम

दौड़ बॉयज 800 मीटर में खुशी राम प्रथम, द्वितीय सतीश व सिद्धार्थ तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर गर्ल्स दौड़ प्रतियोगिता में साक्षी प्रथम, तनु द्वितीय व खुशी तीसरा स्थान हासिल किया। डिस्कस थ्रो गर्ल्स में प्रथम साक्षी, द्वितीय खुशबू व स्वाति तीसरे स्थान पर रही।

---

# डीसी ने जलापूर्ति व्यवस्था सुचारू रखने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला जल एवं सीवरेज मिशन की बैठक का आयोजन डीसी डॉ. विवेक भारती की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत जिले में चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को और अधिक बेहतर बनाने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में कहीं भी पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्या नहीं आनी चाहिए। इसके लिए जलापूर्ति व्यवस्था की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तुरंत समाधान किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### समय-समय पर करें जांच

डीसी ने कहा कि पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए पानी के अधिक से अधिक सैंपल लिए जाएं तथा समय-समय पर उनकी जांच कराई जाए। यदि किसी क्षेत्र में पानी की गुणवत्ता से संबंधित कोई समस्या सामने आती है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर तुरंत दूर किया जाए। उन्होंने गांवों में स्थित जलघरों की साफ-सफाई और रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

---

भवानी सिंह ने ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी से मांगा सहयोग

# नशा मुक्त समाज के लिए एकजुट हुई संस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

नशे के विरुद्ध छेड़ी गई मुहिम को जन-आंदोलन बनाने और 23 मार्च को फतेहाबाद में नशे के खिलाफ निकाली जाने वाली यात्रा को लेकर महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से सहयोग की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में भवानी सिंह अनाज मंडी स्थित ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय कार्यालय में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने संस्था के पदाधिकारियों से मुलाकात कर आगामी नशा मुक्ति अभियान के लिए समर्थन और आशीर्वाद मांगा। भवानी सिंह ने कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ और पूरे पंजाबी कम्युनिटी परिवार के समक्ष अपनी भावी कार्ययोजना रखी और अपील की कि इस सामाजिक बुराई को जड़ से मिटाने के लिए सभी एकजुट होकर सहयोग करें।



**फतेहाबाद।** समर्थन देते ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के पदाधिकारी।

### अभियान नशे से दूरी बनाने के लिए करेगा जागरूक

भवानी सिंह ने भी समर्थन के लिए ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी का आभार जताया और कहा कि यह अभियान न केवल युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करेगा, बल्कि प्रभावित परिवारों को मुख्यधारा में वापस लाने के लिए काउंसलिंग और सहायता भी प्रदान करेगा। अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी जैसी प्रभावशाली संस्था के जुड़ने से इस अभियान को अब धरातल पर और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष धर्मपाल चावला, जिला महासचिव परम अरोड़ा, महिला जिलाध्यक्ष डॉ. सुमन बजाज, मेडिकल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. सुभाष मेहता, धार्मिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पंडित चंद्रशेखर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित कृष्ण कुमार सनी शर्मा, महिला जिला उपाध्यक्ष सुषमा सेठी, सुदर्शन नरूला, अशोक नारंग, सुरेश बुद्धिराजा, राजेंद्र ललित, अशोक कुमार, प्रवीण कुमारी और दिनेश कटारिया सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### स्टेम विज्ञान मेले का आयोजन

**सिरसा।** शैक्षिक उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए साहुवाला प्रथम विद्यालय में स्टेम विज्ञान मेले काआयोजन किया गया। इस विज्ञान मेले में कक्षा 6 वीं से 8वीं तक के प्रतिभाशाली छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले के मुख्य अतिथि सरपंच कविता रानी शामिल हुई। स्कूल प्राचार्य सूरजभान के कुशल मार्गदर्शन में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सुमन, सुनील कुमार, मोनिका रानी और ज्योति चौहान ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मास्टर बूटा सिंह सहित सभी अध्यापकों का समर्पण और सहयोग इस आयोजन को सफल बनाने में सहायक रहा।

### महिलाओं को हर क्षेत्र में मिले समान अवसर

**चोपटा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में दयानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाथूसरी चोपटा में महिला जागरूकता शिविर का आयोजन गार्गी फाउंडेशन, टीम निफा मातृभूमि और विद्यालय प्रशासन के तत्वावधान किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्राचार्या शिखा विजेंद्र गोदारा ने कहा कि हम एक साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हैं। यह दिन महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने, उनके अधिकारों की रक्षा करने और समानता की दिशा में एक कदम और बढ़ाने का प्रतीक है। इसका उद्देश्य महिलाओं को समाज के हर क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करना है। छात्रा गार्गी ने कहा कि इस वर्ष के विषय में समानता, सशक्तिकरण और अवसर को प्रमुखता दी गई है। यह हमें याद दिलाता है कि समान अवसर, समान अधिकार, और आत्मनिर्भरता ही महिलाओं के विकास की कुंजी हैं। इस अवसर पर समाजसेवी रणजीत सिंह टक्कर, प्रमिला, आंचल बेनीवाल, तन्वी खुशबू मानव, गार्गी, मानवी, इक्षिता, नविष्ठा, मेघना, महक, कीर्ति, सृष्टि, हिमांशी, अवनि, अंतिमा, अंजना, प्रतीक्षा, नव्या, भावना सहित विद्यालय की छात्राएं एवं स्टाफ मौजूद था।

### सरकारी स्कूलों में करवाएं अधिक नामांकन

**सिरसा।** फरवाई व वैदवाला सेंटर की गांव हांडीखेड़ा के स्कूल में बैठक हुई। बैठक में बीईओ रमेश कुमार ने सभी स्कूल हैड से सरकारी स्कूलों में ज्यादा से ज्यादा नामांकन नए सत्र में करवाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में भी सरकार द्वारा बेहतरीन सुविधाएं दी जा रही है, इसलिए सभी स्कूल हैड गांवों में पंचायत सदस्यों के साथ मीटिंग कर सरकारी स्कूलों में अधिक से अधिक दाखिले के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से अनुभवी स्टाफ स्कूलों में कार्यरत है और पिछले कुछ समय से सरकारी स्कूलों का चहुंओर से सिस्टम सुधरा है। चाहे वो सुविधाओं के मामले में हो या फिर परीक्षा परिणाम को लेकर हो। सरकारी स्कूलों के बच्चों ने भी अपनी मेहनत से शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी परचम लहराया है। साथ ही बीईओ रमेश कुमार ने स्कूलों में मिड डे मील को सुचारू रूप से चलाने के भी दिशा-निर्देश दिए।

### युवा उज्जवल भारत का भविष्यः शैली

**सिरसा।** जिला के गांव बनसुधार स्थित शहीद भगत सिंह स्टेडियम में ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बलवंत शैली ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि खेल न केवल हमें शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी परिपक्व बनाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नशा सबसे बड़ी समस्या बनकर उभरा है। नशा नौजवानों की जिंदगियां लील रहा है। इस प्रकार के आयोजनों से न केवल युवा नशे से दूर रहेंगे, बल्कि अपने आप को फिट भी रख सकेंगे। आयोजकों ने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य हर एक गांव से नशे जैसी बीमारी को खत्म करना है। युवा उज्जवल भारत का भविष्य हैं, इसलिए वे नशे से दूर रहकर शिक्षा व खेलों में अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि नशे से दूर रहकर युवाओं को खेलों की ओर ध्यान लगाना चाहिए। खेलों में पदक जीतकर युवा अपने साथ-साथ प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

### फतेहाबाद में बिजली कर्मियों की हुंकार, निजीकरण के खिलाफ सड़कों पर उतरे कर्मचारी

# बिजली संशोधन बिल 2025 के खिलाफ कर्मचारियों का प्रदर्शन

**यूनिट सचिव रामनिवास शर्मा ने बिल को निजीकरण का रास्ता बताया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

केंद्र सरकार द्वारा संसद में पेश किए जाने वाले बिजली संशोधन अधिनियम 2025 के खिलाफ आज बिजली कर्मचारियों ने फतेहाबाद लामबंद होकर विरोध दर्ज कराया। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ एम्प्लाइज एंड इंजीनियर्स और ईईएफआई के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर, ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कार्यकारिणी के निर्देशानुसार फतेहाबाद की सभी सब-यूनिटों पर बिजली कर्मचारियों द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया। फतेहाबाद में किए गए प्रदर्शन की अध्यक्षता सिटी प्रधान संजय कुमार ने की, जबकि मंच का संचालन सब-अर्बन कैशियर विकास शर्मा द्वारा किया गया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इस बिल को तुरंत वापस लेने की मांग की।

यूनिट सचिव रामनिवास शर्मा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार इस नए बिल के माध्यम से बिजली जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र को निजी पूंजीपतियों के हाथों में सौंपना चाहती है। बिजली कोई निजी वस्तु नहीं बल्कि एक अनिवार्य सार्वजनिक सेवा है। यह बिल सार्वजनिक उपक्रमों को खोखला करने और कॉर्पोरेट घरानों को फायदा पहुँचाने का एक स्पष्ट रोडमैप है। रामनिवास शर्मा ने बिल के घातक परिणामों पर प्रकाश डालते हुए चेतावनी दी कि यदि यह बिल लागू होता है, तो निजी कंपनियों के आने से बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि होगी।

गरीबों और किसानों को मिलने वाली बिजली सब्सिडी पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। सरकारी नौकरियों के अवसर खत्म होंगे और छंटनी का दौर शुरू होगा। सरकारी पावर कॉर्पोरेशन कमजोर हो जाएंगे, जिससे आम आदमी की पहुँच से बिजली दूर हो जाएगी। कर्मचारियों ने मांग की कि बिजली संशोधन विधेयक को वापस लिया जाए। बिजली शुल्क कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। राज्य डिस्कॉम और कर्मचारियों के अधिकारों की सुरक्षा की जाए। उत्पादन, पारेषण और वितरण में किसी भी प्रकार का निजीकरण या फ्रेंचाइजी मॉडल लागू न किया जाए।

प्रदर्शन को यूनियन के सुशील कुमार, सुरेश कुमार, हनुमान सिंह, धर्मबीर, सतपाल सिंह और विक्रम सिंह ने भी संबोधित किया और कहा कि यह लड़ाई केवल कर्मचारियों की नहीं, बल्कि आम उपभोक्ता और किसान की भी है।



फतेहाबाद। बिजली संशोधन विधेयक के खिलाफ प्रदर्शन करते कर्मचारी।



सिरसा। मांगों को लेकर रोष जताते बिजली कर्मचारी।

### बिजली बिल-2025 के विरोध व गरजे कर्मचारी

**सिरसा।** बिजली कर्मचारियों ने मंगलवार को बिजली बिल-2025 के विरोध व अन्य मांगों को लेकर सब यूनिट स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेता एसएस बेदी व उपराज्य प्रधान बाबूलाल ने कहा कि केंद्र सरकार जो संसद में बिजली बिल-2025 को वर्तमान में पेश करने जा रही है, इसका किसानों और आम जनता पर बहुत दुष्प्रभाव पड़ेगा क्योंकि बिजली का निजीकरण करने से बिजली इतनी महंगी होगी कि बिजली का बिल भरना आम उपभोक्ता के लिए मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने बताया कि पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले मुताबिक तमाम कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए अन्यथा बीती 7 मार्च को केंद्रीय कमेटी में लिए गए फैसले अनुसार 20 मई को अंबाला में बिजली मंत्री के आवास पर विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं करती हमारा आंदोलन जारी रहेगा। इसके अलावा 8वें पे कमीशन को लागू करना, ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू करना, 4 लेबर कोड को रद्द करके पुरानी श्रम संहिता को लागू करना आदि अन्य मांगों पर चर्चा की गई। प्रदर्शन में एसकेएस से रमेश सैनी, निर्मल सिंह, वीरेंद्र सिंह, ओमप्रकाश, संदीप वर्मा, मीत चंद, सुभाष, विक्रम, मनजीत, सोहन प्रकाश, राकेश शर्मा, मनदीप, अश्विनी कड़वासरा, राम किशन, सुनील दत्त, शिव कुमार आदि मौजूद थे।

# श्रीमद्भागवत में सुनाया वामन अवतार का वृतांत




सिरसा। श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करते हुए महिला श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

- भगवान वामन ऋषि कश्यप और अदिति की संतान थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

श्री बजरंग दल सेवा ट्रस्ट की ओर से पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में जारी श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचिका ब्रज किशोरी ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, धर्म, भक्ति और मानव जीवन के आदर्शों के बारे में विस्तार से श्रद्धालुओं को विस्तार से बताया। कथावाचिका ब्रज किशोरी ने इस अवसर पर भगवान वामन अवतार की कथा सुनाते हुए बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार, सतयुग में जगत के पालनहार कहे जाने वाले भगवान विष्णु ने पांचवा अवतार वामन का लिया था। भगवान वामन ऋषि कश्यप और अदिति की संतान थी। उन्होंने बताया कि श्रीहरि ने इंद्र को देवलोक पर अधिकार और राजा बलि के घमंड को खत्म करने के लिए वामन अवतार लिया। इसके बाद भगवान वामन ने ब्राह्मण का रूप धारण कर विरोचन के पुत्र तथा प्रहलाद के पौत्र बली के पास गए। भगवान वामन ने राजा बलि से 3 पग भूमि की मांग की। वहीं, गुरु शुक्राचार्य ने राजा बलि को 3 पग भूमि देने के लिए मना किया लेकिन राजा बलि ने गुरु शुक्राचार्य की बात का पालन न कर भगवान वामन को 3 पग भूमि देने का वचन दिया। इसके बाद भगवान वामन ने विशाल रूप धारण किया और पहले पग में पूरी पृथ्वी और दूसरे में देवलोक नाप लिया। वहीं, तीसरे पग के लिए उनके पास कोई भी भूमि नहीं बची, तो ऐसे में राजा बलि ने तीसरे पग के लिए भगवान वामन के सामने अपना सिर कर दिया।

**ये रहे मौजूद**

उल्लेखनीय है कि यह कथा आगामी 14 मार्च तक आयोजित की जाएगी। इस मौके पर सदस्य प्रधान शिवशंकर गोयल, कन्हैया जिंदल, विक्की बंसल, दीपक बंसल, पवन गोयल, पंकज शर्मा, इशु, प्रेम सज्जन सोनी, डॉ. सुरेंद्र, राजकुमार गोयल, कथा संयोजक श्याम प्रेमी सतीश अरोड़ा भी मौजूद थे।

# गैस सिलेंडरों के बढ़ाए रेट वापस लेने की मांग

- महिला समिति व जनसंगठनों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

रसोई गैस की बढ़ाए गए रेटों को वापस लेने सहित महिलाओं की मांगों को लेकर जनसंगठनों द्वारा फतेहाबाद में रोष प्रदर्शन किया गया। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिला प्रधान जंगीर कौर की अध्यक्षता में महिलाओं और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने नायब तहसीलदार के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से महिलाओं ने सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण से जुड़ी 20 प्रमुख मांगें रखी हैं। इस अवसर पर सर्व कर्मचारी संघ, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, सीटू, खेत मजदूर यूनियन, किसान सभा, डीवाईएफआई और एसएफआई के प्रतिनिधि मौजूद रहे। महिला समिति की जिला प्रधान जंगीर कौर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक को तुरंत लागू करने और पंचायतों व स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत संवैधानिक आरक्षण लागू किया जाए। उन्होंने कार्यस्थलों पर पीओएसएच एक्ट को सख्ती से लागू करने, जस्टिस वर्मा कमीशन की सिफारिशों को मानने और इज्जत के नाम पर होने वाले अपराधों के खिलाफ सख्त कानून बनाने पर जोर दिया।



फतेहाबाद। अधिकारी को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपते जनसंगठनों के सदस्य।

**महंगाई पर विरोध**

घरेलू महिलाओं को पेंशन देने, मनरेगा में दिहाड़ी बढ़ाकर 700 रुपये करने और जरूरतमंद महिलाओं को 2100 रुपये मासिक सहायता बिना किसी जटिल शर्त के देने की मांग की गई है। जनसंगठनों ने महंगाई पर लगाम लगाने, रसोई गैस की बढ़ती कीमतें कम करने, डिपुओं पर 14 आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने और छात्राओं के लिए मुफ्त शिक्षा व सैनिटरी पैड्स की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। इस अवसर पर गगनदीप कौर उप प्रधान, महिला समिति, जिला सचिव सुरेश, पूर्व प्रधान सुनीता जांडली, खेत मजदूर यूनियन प्रधान दलबीर सिंह, किसान सभा से रोहताश व मनीष भट्टू, नौजवान सभा से एडवोकेट शाहनवाज, चंद्रो देवी आदि रहे।

# एसडीएम ने किया लघु सचिवालय स्थित विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने मंगलवार को ई-दिशा केंद्र, पटवार भवन और लघु सचिवालय स्थित विभिन्न विभागों के कार्यालयों का निरीक्षण करके कामकाज की स्थिति का जायजा लिया। एसडीएम ने सभी विभागों द्वारा नागरिकों को प्रदान की जाने वाली विभिन्न सरकारी योजनाओं की भी जानकारी ली।

उन्होंने फाइलों और रिकॉर्ड के रखरखाव की स्थिति को देखा और अधिकारियों को हिदायत दी कि सभी रिकॉर्ड को पूरी तरह से व्यवस्थित और अद्यतन रखा जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यालय में समय पर उपस्थित हों और उनके कार्यालयों में पहुंचने वाले नागरिकों के कार्य व्यवहार कुशलता व पारदर्शिता के साथ कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करें। इस दौरान एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने हाजिरी रजिस्टर की जांच कर यह भी हिदायत दी कि कार्यालयों का हाजिरी रजिस्टर अपडेट होना चाहिए।



रतिया। सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण करते एसडीएम।



सिरसा। सीडीएलयू में प्रदर्शनी देखते युवा। फोटो : हरिभूमि

### हरियाणा में बेटियों का बढ़ता सम्मान

**सिरसा।** बेटियां किसी से कम नहीं, हर क्षेत्र में बेटियों की बढ़ रही कदम ताल और हरियाणा में महिला सशक्तिकरण के लिए लागू की गई योजनाओं को दर्शाने में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा की प्रदर्शनी सफल साबित हुई है। हरियाणा में जन्मी बेटियों द्वारा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बनाई गई पहचान के साथ ही प्रदर्शनी में उन लाडो बेटियों को भी दर्शाया गया है जो अपने-अपने क्षेत्र में बेमिसाल उपलब्धियां हासिल कर चुकी हैं। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में लगाई गई संकल्प से सिद्धि, चुनौती से संकल्प तक, बेटियों की नई पहचान बदलाव की मिसाल को रेखांकित करती प्रदर्शनी के अंतिम दिन मंगलवार को काफी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों और महिलाओं ने पहुंचकर इसे देखा। उल्लेखनीय है कि बीती 8 मार्च को आयोजित राज्य स्तरीय महिला दिवस समारोह के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया था।

### व्यापारियों को मिलेगी आर्थिक सुरक्षा

**सिरसा।** हरियाणा सरकार ने राज्य के व्यापारियों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने और व्यापारिक माहौल को मजबूत बनाने के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण बीमा योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं के माध्यम से व्यापारियों को दुर्घटना या सामान के नुकसान की स्थिति में वित्तीय सहायता दी जाएगी। सरकार द्वारा शुरू की गई पहली योजना मुख्यमंत्री व्यापारी सामूहिक निजी दुर्घटना बीमा योजना है। इस योजना के तहत यदि किसी व्यापारी की दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है या वह स्थायी रूप से दिव्यांग हो जाता है, तो सरकार की ओर से उसके परिवार को 5 लाख रुपए तक की बीमा सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए व्यापारी को केवल 50 रुपये शुल्क देकर पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा।

# जन चेतना दिवस समारोह होगा ऐतिहासिक प्रदेश के कोने-कोने से पहुंचेंगे लोग : जतिन

- समारोह में फतेहाबाद से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शिरकत करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जननायक जनता पार्टी द्वारा 13 मार्च को हांसी में जेजेपी के संयोजक डॉ. अजय सिंह चौटाला के 65वें जन्मदिवस को जन चेतना दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर हांसी में प्रदेश स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर पार्टी नेताओं ने फतेहाबाद जिले में तैयारियां तेज कर दी हैं। जेजेपी नेताओं का कहना है कि इस समारोह में फतेहाबाद से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शिरकत करेंगे। इसी कड़ी में युवा जेजेपी के जिलाध्यक्ष जतिन खिलेरी के नेतृत्व में पार्टी नेताओं द्वारा जिले के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का न्यौता दिया। उन्होंने ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया तथा जन चेतना दिवस के महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।



फतेहाबाद। समारोह को लेकर जनसम्पर्क अभियान चलाते जेजेपी नेता जतिन खिलेरी।

### ई-केवाईसी पूर्ण होने पर ही मिलेगा मार्च का राशन

**फतेहाबाद।** खाद्य एवं पूर्ति विभाग, हरियाणा के निर्देशानुसार जिला फतेहाबाद में सभी राशन कार्ड धारकों के कार्डों में दर्ज सदस्यों की ई-केवाईसी की प्रक्रिया जारी है। यह प्रक्रिया जिले के सभी राशन डिपो पर डिपो धारकों द्वारा पीओएस मशीन के माध्यम से अंगूठे का निशान सत्यापित कर निःशुल्क की जा रही है। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि ई-केवाईसी का उद्देश्य राशन कार्ड में दर्ज पात्र लाभार्थियों की सही पहचान सुनिश्चित करना तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। इस प्रक्रिया के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सरकारी योजनाओं का लाभ केवल वास्तविक और पात्र लाभार्थियों तक ही पहुंचे।

### थ्री लैग रेस गर्ल्ज में रूमन और सुदेश रही प्रथम

# वार्षिक एथलेटिक मीट में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ विभिन्न खेलों में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस खेल प्रतियोगिता का संचालन खेल इंचार्ज डीपी पुनीत कुमार ने किया। कार्यक्रम में प्राचार्या ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए प्राचार्या ने कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं हैं, बल्कि ये विद्यार्थी के जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम वर्क की भावना को विकसित करते हैं। एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है और एथलेटिक मीट जैसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनिवार्य हैं। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और खेल भावना को जीवन के हर क्षेत्र में उतारने की प्रेरणा दी। एथलेटिक मीट के दौरान ट्रैक और फील्ड की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दौड़, लंबी कूद और गोला फेंक जैसी स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने अपनी शारीरिक दक्षता और कौशल का परिचय दिया। प्रतियोगिताओं के समापन पर कॉलेज प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों की सराहना की गई।




फतेहाबाद। बीएड कॉलेज में वार्षिक एथलेटिक मीट में भाग लेते विद्यार्थी।

### प्रतियोगिता में यह रहे विजेता

थ्री लैग रेस गर्ल्ज में रूमन और सुदेश ने प्रथम, पूजा व कुमकुम ने द्वितीय, अनिशा व दीपिका ने तृतीय स्थान पाया। 200 मीटर रेस गर्ल्ज में सुदेश प्रथम, रूमन द्वितीय व निधि तृतीय रही। शॉटपुट गर्ल्ज में सुदेश, तमन्ना व रूमन तथा ब्वॉयज में जतिन, सक्षम और धीरज ने बाजी मारी। स्पून रेस गर्ल्ज में दीक्षा प्रथम, पूजा द्वितीय व नेहा तृतीय रही। 100 मीटर व 200 मीटर रेस ब्वॉयज में लवकुश, कन्हैया लाल व धीरज प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। 100 मीटर रेस गर्ल्ज में कुसुम प्रथम, सुदेश द्वितीय व निधि तृतीय रही। लोंग जम्प गर्ल्ज में कुसुम ने पहला, माया ने दूसरा तथा सुदेश व अनिशा ने तीसरा स्थान पाया वहीं लडक़ों में जसविन्द्र प्रथम, लवकुश व धीरज द्वितीय तथा कन्हैया लाल तृतीय स्थान पर रहे।

# सांसद सैलजा ने आईआईटी खोलने की मांग संसद में उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने लोकसभा में सिरसा और फतेहाबाद जैसे शैक्षणिक रूप से पिछड़े जिलों में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) स्थापित करने की मांग जोरदार ढंग से उठाई। लोकसभा में पूछे गए अपने प्रश्न में सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार से पूछा कि क्या देश में नए आईआईटी स्थापित करने का प्रस्ताव है और क्या सिरसा, फतेहाबाद, हिसार और जींद जैसे शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े जिलों में ऐसे संस्थानों की स्थापना को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इन जिलों में पर्याप्त मात्रा में भूमि उपलब्ध है, इसलिए यहां आईआईटी स्थापित करना क्षेत्र के विकास और युवाओं के लिए बेहतर अवसर प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। उत्तर में शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने बताया कि वर्तमान में देश में 23 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) स्थापित और संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पहले से ही राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कुरुक्षेत्र, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) सोनीपत तथा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित किए जा चुके हैं, जो राष्ट्रीय महत्व के संस्थान हैं। राज्य मंत्री ने यह भी बताया कि आईआईटी दिल्ली का एक विस्तार परिसर हरियाणा के सोनीपत में राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में स्थापित किया गया है, जो उन्नत शोध, नवाचार और उद्योग सहयोग का केंद्र है।